**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 1522**

**उत्तर देने की तारीख: 09.12.2025**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में रिक्तियां**

**1522. डॉ. शर्मिला सरकार:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है, कितने पद भरे हैं और विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों की रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) मंत्रालय और विभाग में 2014 से रिक्तियों का वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है और आरक्षित पद कितने हैं; और

(ग) 2014 से नियुक्त संविदा कर्मचारियों की संख्या कितनी है तथा वर्ष-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री रामदास आठवले)**

**(क) और (ख):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में दो विभाग नामत: सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग हैं। इन दोनों विभागों में स्वीकृत पदों की संख्या, भरे हुए पदों की संख्या और रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

आरक्षित पदों के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि दोनों विभाग ड्राइवरों, डिस्पैच राइडरों और कैंटीन कर्मचारियों को छोड़कर समूह 'ग' श्रेणी में किसी कार्मिक की सीधी भर्ती नहीं करते हैं। विभिन्न सेवाओं और संवर्गों (अर्थात् अखिल भारतीय सेवा, केंद्रीय सेवा, भारतीय आर्थिक सेवा, भारतीय सांख्यिकी सेवा, केंद्रीय सचिवालय सेवा, केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा, केंद्रीय सचिवालय (लिपिकीय सेवा) और राजभाषा आदि) के अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके संबंधित संवर्ग-नियंत्रण प्राधिकरणों द्वारा इन विभागों में तैनात किया जाता है, जो भारत सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार अपने आरक्षण रोस्टर को बनाए रखते हैं।

ड्राइवरों, डिस्पैच राइडर और कैंटीन स्टाफ आदि के संबंध में विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

**(ग):** संविदा कर्मचारियों को सीमित अवधि के लिए अथवा किसी विनिर्दिष्ट कार्य के लिए तत्समय विद्यमान अपेक्षाओं के आधार पर नियुक्त किया जाता है और इसलिए, उनकी संख्या में समय-समय पर बदलाव हो सकता है। अद्यतन स्थिति के अनुसार, दोनों विभागों में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के संविदा कर्मचारियों का विवरण **संलग्नक-III** में दिया गया है।

**संलग्नक-I**

**"सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में रिक्तियां" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1522, जिसका उत्तर दिनांक 09.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क और ख) में संदर्भित संलग्नक**

I. **सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग** में समूह 'क', 'ख' और 'ग' श्रेणी में ऐसे स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों की संख्या, जिनका संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण यह विभाग नहीं है, का विवरण:-

9.12.2025 की स्थिति के अनुसार

| क्र. सं. | पद का नाम | स्वीकृत संख्या | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **समूह-क** | | | | |
| 1 | सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 2 | अपर सचिव | 2 | 2 | 0 |
| 3 | संयुक्त सचिव तथा संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार | 4 | 3 | 1 |
| 4 | सीईओ (डीडब्ल्यूबीडीएनसी) | 1 | 1 | 0 |
| 5 | वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार | 0 | 1^ | 0 |
| 6 | आर्थिक सलाहकार | 1 | 0 | 1 |
| 7 | उप महानिदेशक | 1 | 1 | 0 |
| 8 | उप सचिव/निदेशक (सेंट्रल स्टाफिंग योजना) | 5 | 4 | 1 |
| 9 | उप सचिव/निदेशक (आईईएस+आईएसएस संवर्ग) | 2 | 1 | 1 |
| 10 | उप सचिव/निदेशक (डीडब्ल्यूबीडीएनसी और केंद्रीय सचिवालय सेवा) | 13 | 11 | 2 |
| 11 | अवर सचिव | 21 | 21 | 0 |
| 12 | उप निदेशक (आईईएस + आईएसएस संवर्ग) | 2 | 2 | 0 |
| 13 | वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 14 | प्रधान निजी सचिव | 7 | 8# | 0 |
| 15 | संयुक्त निदेशक (राजभाषा) | 1 | 0 | 1 |
| 16 | उप निदेशक (राजभाषा) | 1 | 1 | 0 |
| 17 | सहायक निदेशक (राजभाषा) | 2 | 2 | 0 |
| 18 | उप निदेशक (मीडिया) | 1 | 0 | 1 |
| 19 | सहायक निदेशक (आईएसएस) | 1 | 0 | 1 |
| 20 | सहायक निदेशक (आईईएस) | 0 | 1^ | 0 |
| | **योग** | **67** | **61** | **9** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **समूह-ख "राजपत्रित"** | | | |
| 27 | अनुभाग अधिकारी | 38 | 41* | 0 |
| 28 | निजी सचिव | 15 | 4 | 11 |
| 29 | सहायक संपादक | 1 | 1 | 0 |
| | **योग** | **54** | **46** | **11** |
| | **समूह-ख "अराजपत्रित"** | | | |
| 30 | सहायक अनुभाग अधिकारी | 71 | 63 | 8 |
| 31 | वैयक्तिक सहायक | 9 | 5 | 4 |
| 32 | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 2 | 2 | 0 |
| 33 | अनुसंधान अन्वेषक (योजना/सांख्यिकी प्रभाग) | 3 | 0 | 3 |
| 34 | सांख्यिकीय सहायक (पी/एस) | 1 | 0 | 1 |
| 35 | अन्वेषक | 2 | 2 | 0 |
| 36 | वरिष्ठ अनुसंधान अन्वेषक | 2 | 0 | 2 |
| 37 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | 1 | 0 | 1 |
| 38 | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 3 | 2 | 1 |
| | **योग** | **94** | **74** | **20** |
| | **समूह-ग** | | | |
| 39 | आशुलिपिक-'घ' | 20 | 20 | 0 |
| 40 | वरिष्ठ सचिवालय सहायक | 2 | 2 | 0 |
| 41 | कनिष्ठ सचिवालय सहायक | 4 | 4 | 0 |
| | **योग** | **26** | **26** | **0** |
| | **कुल योग** | **241** | **207** | **40** |

^1 वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार और 1 सहायक निदेशक स्वीकृत संख्या से अधिक हैं।

*03 अनुभाग अधिकारी स्वीकृत संख्या से अधिक हैं।

#01 प्रधान निजी सचिव स्वीकृत संख्या से अधिक है।

उपर्युक्त के अलावा, समूह 'क' के 3 पद और समूह 'ख' के 7 अराजपत्रित पद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के साथ संयुक्त संवर्ग के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं, जो रिक्त हैं।

II. **दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग** में समूह 'क', 'ख' और 'ग' श्रेणी में ऐसे स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों की संख्या, जिनका संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण यह विभाग नहीं है, का विवरण:-

(09.12.2025 की स्थिति के अनुसार)

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **स्वीकृत संख्या** | **भरे हुए पदों की संख्या** | **रिक्त पदों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| | | **समूह - क** | | |
| 1. | सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 2. | संयुक्त सचिव | 3 | 3* | 0 |
| 3. | उप महानिदेशक (आईएसएस) | 1 | 1 | 0 |
| 4. | निदेशक | 7 | 8# | 0 |
| 5. | उप सचिव | | | |
| 6. | उप निदेशक (मीडिया) | 1 | - | 1 |
| 7. | उप निदेशक (रा.भा.) | 1 | 1 | 0 |
| 8. | अवर सचिव | 11 | 11 | 0 |
| 9. | सहायक निदेशक (आईएसएस) | 1 | 0 | 1 |
| 10 | सहायक निदेशक (रा.भा.) | 1 | 0 | 1 |
| 11. | वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 12. | प्रधान निजी सचिव | 5 | 4 | 1 |
| | **योग** | **33** | **30** | **4** |
| | | **समूह-ख "राजपत्रित"** | | |
| 13. | अनुभाग अधिकारी | 19 | 18 | 1 |
| 14. | निजी सचिव (पीएस) | 5 | 0 | 5 |
| | **योग** | **24** | **18** | **6** |
| | | **समूह - ख "अराजपत्रित"** | | |
| 15. | सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) | 39 | 26 | 13 |
| 16. | वैयक्तिक सहायक (पीए) | 5 | 0 | 5 |
| 17. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक (एसएचटी) | 1 | 2** | 0 |
| 18. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक (जेएचटी) | 2 | 2 | 0 |
| | **योग** | **47** | **30** | **18** |
| **समूह - ग** | | | | |
| 19. | वरिष्ठ सचिवालय सहायक (एसएसए) | 1 | 0 | 1 |
| 20. | कनिष्ठ सचिवालय सहायक (जेएसए) | 1 | 1 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21. | आशुलिपिक-'घ' | 3 | 2 | 1 |
| | **योग** | **5** | **3** | **2** |
| | **कुल योग** | **109** | **81** | **30** |

*निदेशक/उप सचिव का एक पद 30.05.2025 से 2 वर्ष की अवधि के लिए संयुक्त सचिव में स्तरोन्नत किया गया है।

# सेंट्रल स्टाफिंग योजना के अंतर्गत एसीसी द्वारा विभाग में एक निदेशक अतिरिक्त तैनात किया गया है।

**सहायक निदेशक (रा.भा.) के रिक्त पद के एवज में 1 वरिष्ठ हिंदी अनुवादक तैनात किया गया है।

**"सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में रिक्तियां" के संबंध में अतारांकित प्रश्न सं. 1522 जिसका उत्तर दिनांक 09.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क और ख) में संदर्भित संलग्नक**

I. सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में समूह ग श्रेणी में ऐसे स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों की संख्या, जिनका संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण यह विभाग है, का ब्यौरा विवरण:-

9.12.2025 की स्थिति के अनुसार

| क्र.सं. | पद | स्वीकृत पदों की संख्या | | | | | | भरे हुए पदों की संख्या | | | | | | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | |
| 1. | स्टाफ कार चालक | 7 | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 | 3 | | | 2 | | 1 | 4 |
| 2. | कैंटीन स्टाफ | 13 | 1 | 2 | 4 | 1 | 5 | 8 | 1 | | 1 | 1 | 5 | 5 |
| 3. | डिस्पैच राइडर | 1 | | | | | 1 | 1 | | | | | 1 | 0 |
| 4. | बहु-कार्य कर्मचारी | 52 | 4 | 8 | 14 | 5 | 21 | 35 | 11 | | 12 | | 12 | 17 |

II. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में समूह ग श्रेणी में ऐसे स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों की संख्या, जिनका संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण यह विभाग है, का विवरण:-

9.12.2025 की स्थिति के अनुसार

| क्र. सं. | पद | स्वीकृत पदों की संख्या | | | | | भरे हुए पदों की संख्या | | | | | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टाफ कार चालक | 1 | | | | | 1 | | | | | 0 |
| | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | |
| | | 1 | | | | | 1 | | | | | |
| 2. | बहु-कार्य कर्मचारी | 9 | | | | | 4 | | | | | 5 |
| | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित | |
| | | 1 | 1 | 2 | 1 | 4 | 1 | | 1 | | 02 | |

**"सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में रिक्तियां" के संबंध में अतारांकित प्रश्न सं. 1522 जिसका उत्तर दिनांक 09.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) में संदर्भित संलग्नक**

I. सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के संविदा कर्मचारियों का विवरण (9.12.2025 की स्थिति के अनुसार) इस प्रकार है:

   i. कंसल्टेंट्स (अस्थायी/अल्पकालिक आधार पर): 32
   ii. डाटा एंट्री ऑपरेटर: 85
   iii. एमटीएस/स्वीपर (अर्ध-कुशल और अकुशल): 83

II. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के संविदा कर्मचारियों का विवरण (9.12.2025 की स्थिति के अनुसार) इस प्रकार है:

   i. कंसल्टेंट (अस्थायी/अल्पकालिक आधार): 20
   ii. डाटा एंट्री ऑपरेटर: 51
   iii. एमटीएस/स्वीपर (अर्ध-कुशल और अकुशल): 39